Press Release Dated 15 August 2024

(1) माननीय राज्यपाल ने जामताड़ा जिलान्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर, अंचल- नारायणपुर में स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया।

मैं सभी की समस्याओं को जानने आया हूँ- राज्यपाल
राज्य के विकास हेतु मैं अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध- राज्यपाल

राज्यपाल महोदय ने विभिन्न योजनान्तर्गत लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज्य की उप राजधानी दुमका में ध्वजारोहण के उपरांत सड़क मार्ग से राँची आने के क्रम में जामताड़ा जिलान्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर, अंचल- नारायणपुर में लोगों से कहा कि मैं आप सभी की समस्याओं को जानने व संवाद स्थापित करने आया हूँ ताकि समस्याओं का हल किया जा सके। आपकी समस्याओं के निदान हेतु हमारे देश की सरकार संवेदनशील हैं और निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में मैं अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रतिबद्ध हूँ। राज्यपाल महोदय ने कहा कि आपको अपनी समस्याओं से जन-प्रतिनिधि से अवगत कराना चाहिये। आप अपनी समस्याओं को लिखकर भी व्यक्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों के विकास हेतु विभिन्न योजनाएँ संचालित हैं, योजना के पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिये।
उक्त अवसर पर ग्रामीणों द्वारा एक उच्च विद्यालय, डिग्री महाविद्यालय, नर्सिंग महाविद्यालय की स्थापना के साथ एक अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना हेतु आग्रह किया। साथ लोगों ने चिकित्सा सुविधा के साथ कुछ जगह विद्युत समस्याओं, शौचालय में पानी की उपलब्धता न होने, खराब सड़क की समस्या से भी अवगत कराया। राज्यपाल महोदय के समक्ष उत्क्रमित विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं द्वारा कहा गया कि उनके विद्यालय में पंखा नहीं है एवं एक ही चापानल है, जिससे उन लोगों को परेशानी होती है। राज्यपाल महोदय ने इसे गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त, जामताड़ा को 15 दिन के अंदर इनकी समस्या

के निदान हेतु कहा।ग्रामीणों द्वारा मोहनपुर में शिक्षकों की कमी, संथाली शिक्षकों का अभाव, घटवाल जाति का जाति प्रमाण-पत्र बनने में आ रही समस्याओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया।
राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर विभिन्न योजनान्तर्गत लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया। साथ ही, विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल ने ग्राम-ओरदाना ग्राम, प्रखंड- पेटरवार, जिला-बोकारो में मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा मुण्डा हरित बागवानी के तहत 56 एकड़ में लगे आम के बगीचे का अवलोकन किया।

सभी लोग अधिक-से-अधिक पेड़ लगाएं और उसका देखरेख करें- राज्यपाल
सभी अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित करें, शिक्षा ही प्रगति का द्वार है- राज्यपाल

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज्य की उप राजधानी दुमका में ध्वजारोहण के उपरांत सड़क मार्ग से राँची आने के क्रम में जामताड़ा जिलान्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर, अंचल-नारायणपुर में लोगों से संवाद करने के पश्चात ग्राम-ओरदाना ग्राम, प्रखंड-पेटरवार, जिला-बोकारो में मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा मुण्डा हरित बागवानी के तहत 56 एकड़ में लगे आम के बगीचे का अवलोकन किया। उन्होंने लोगों से संवाद करते हुए कहा कि यहाँ आकर अच्छा लगा। यहाँ वृहत स्तर पर विभिन्न प्रजाति के लगे आम को देखकर प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा "एक पेड़ माँ के नाम" का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग अधिक-से-अधिक पेड़ लगाएं और उसका देखरेख करें। उन्होंने कहा कि सरोवर को और सुंदर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आपके विकास हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित हैं, आप लोग इन योजनाओं के प्रति जागरूक
हों और लाभ उठायें। अपनी समस्याओं से अपने जन-प्रतिनिधि को अवगत कराएं।

राज्यपाल महोदय ने सभी को अपने बच्चों को शिक्षित करने हेतु संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही प्रगति का द्वार है। समाज और देश के लिए अनुकरणीय कार्य करें और देश के विकास में सक्रिय योगदान दें।

उक्त अवसर पर मनरेगा मेट ने राज्यपाल महोदय से अपने अनुभव साझा की। साथ ही मनरेगा मेट द्वारा बकरी, बत्तख एवं मुर्गी के लिए शेड की जरूरत की बात कही।